Rajasthan Patrika, Ahmedabad, Aug 08 2012

महाराजा अग्रसेन विद्यालय बना विजेता

टीसीएस आईटी क्विज

अहमदाबाद

ahmedabad@patrika.com

महाराजा अग्रसेन स्कूल टीसीएस आईटी क्विज 2012 के राष्ट्रीय फाइनल में अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करेगा।

पूर्व एअर मार्शल पीके देसाई के मुख्य आतिथ्य में यहां टैगोर हॉल में आयोजित प्रतियोगिता के अहमदाबाद के विभिन्न विद्यालयों के नौ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।विजेता महाराजा अग्रसेन विद्यालय की टीम के मानस गुप्ता व यश गोयल तथा उपविजेता संत कबीर शाला के दिंगत बकेरी व हर्षिल वैद्य को देसाई तथा टीसीएस अहमदाबाद डिलीवरी सेन्टर प्रमुख पंकज कुमार गुप्ता ने पुरस्कृत किया। टीसीएस आईटी क्विज का भारत की सबसे बड़ी अन्तर स्कूल आईटी क्विज माना जाता है। टीसीएस आईटी क्विज का प्रादेशिक चक्र देश के 14 शहरों में आयोजित किया गया है।